Title: Urgent need to stop the soil erosion caused by the Ganga, Koshi and Mahananda rivers flowing in Bihar and provide relief to rehabilitate the affected people.

*m10

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं बिहार की नदियों की वजह से हो रहे बड़े भू-भाग के कटाव और उससे उत्पन्न परिस्थिति की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

आज मैं विशेषकर अपने संसदीय क्षेत्र कटिहार में जो विषम परिस्थिति उत्पन्न हुई है, गंगा, कोसी और महानंदा के कटाव की वजह से, उस पर बोलना चाहता हूं। जिससे लाखों लोग आज सड़क पर आ गये हैं, उनका जीवन दूभर हो गया है। वे दाने-दाने के लिए सारे मोहताज हैं।

इस कटाव को रोकने में आज राज्य सरकार पूर्णतया अक्षम है। जितना भी कटाव निरोधक कार्य किया गया है, वह सारा असफल रहा है। मैं केन्द्र सरकार से इस विषम परिस्थिति में मांग करता हूं कि एक आयोग गठित करके समय से पूर्व पुनः इस पर कार्रवाई की जाये।

जो भूभाग कट रहे हैं, उनपर ठोकर बनाकर पानी को रोका जाए। वहां २७-२८ किलोमीटर की दूरियों में कटाव हो रहा है और गंगा तथा महानंदा के कटाव से पूरे जिले का अस्तित्व संकट में है। लोग बंजारे की स्थिति में जीवन बिता रहे हैं। राज्य सरकार की तरफ से भी उन लोगों को कोई सहायता नहीं मिल रही है। मेरा अनुरोध है कि केन्द्र सरकार अपनी भूमिका का निर्वहन करे और लोगों को राहत पहुंचाने का संकल्प ले। ... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदयः जब आपका नाम आएगा तभी आपको बुलाया जाएगा। इस तरह बीच में बोलने से काम नहीं चलेगा।